आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 07.04.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने कहा कि द्वीपों में चुनौतियों के बावजूद उनकी टीम चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पूरी तरह तैयार है।
- आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों के लिए स्वास्थ्य परामर्श जारी किया गया है।
- लोकसभा चुनाव को देखते हुए कल स्वीप के माध्यम से मायाबंदर के कर्माटांग बीच पर करेन समुदाय के लिए करेन मतदाता महोत्सव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं के बीच बड़े पैमाने पर जागरूकता उत्पन्न की जा रही है।
- निर्वाचन कार्यालय के स्वीप टीम ने आम जनता के बीच चुनावी प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर भाग लेने और जागरूकता पैदा करने के लिए बाइक रैली का आयोजन किया।

<><><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने कहा कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह जैसे क्षेत्र में चुनाव सम्पन्न कराना चुनौती है। लेकिन इसके बावजूद हमारी टीम चुनाव सम्पन्न कराने में पूरी तरह तैयार है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि द्वीपसमूह में साठ संवेदनशील मतदान केन्द्र है इसके अलावा कुछ जोखिम वाले मतदान केन्दों की भी पहचान की गई है। ऐसे मतदान केन्द्रों तक पहुंचने के लिए मतदान कर्मियों को डिंगियों और जंगल के रास्तों का इस्तेमाल करना पड़ेगा। लेकिन इसके बावजूद द्वीपों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए हम पूरी तरह तैयार है।

उन्होंने कहा कि मतदान के लिए ई वी एम भेजने के साथ मतदान कर्मियों की बाहरी द्वीपों में तैनाती और मतदान के बाद सभी की सुरक्षित वापसी की भी योजना बनाई गई है।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों के लिए स्वास्थ्य परामर्श जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि कर्मचारियों को पानी अच्छी तरह से पीनी चाहिए। तनाव, मधुमेह और अन्य बीमारियों के लिए समय पर नियमित रूप से दवाईयां भी लेनी चाहिए। शुगर का स्तर कम होने पर

मधुमेह के रोगियों को अपने साथ मिठाईयां आदि रखने को कहा गया है। ड्यूटी के दौरान छाती दर्द होने, सांस लेने में तकलीफ होने, थकान महसूस करने, पसीना आने या शरीर के एक भाग में कमजोरी महसूस करने या बात करने में तकलीफ होने की स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने को कहा गया है। डॉक्टरों का विवरण सेक्टर मजिस्ट्रेट के पास मौजूद है। गर्मी के इस मौसम में हीट स्ट्रोक होने की भी संभावना है। ऐसे में संबंधित कर्मियों को अपने साथ ओ आर एस पाउडर, ठंडा पानी रखने को कहा गया है और तुरंत डॉक्टरी सलाह लेने को कहा गया है। किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने या सहायता के लिए एक सौ दो नम्बर पर कॉल करने को कहा गया है। परामर्श में कहा गया है कि चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों को बिल्कुल भी घबराना नहीं चाहिए और अपने आप को शांत रखना चाहिए।

<><><><><><>

लोकसभा चुनाव को देखते हुए और लोकतंत्र के इस स्मारकीय उत्सव 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' में 'कोई भी मतदाता पीछे न छूटे' यह सुनिश्चित करने की भारत के चुनाव आयोग की दृढ़ प्रतिबद्धता और आदर्श वाक्य के अनुरूप, जिला चुनाव कार्यालय में कल स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मायाबंदर के करमाटांग बीच पर विशेष रूप से करेन समुदाय के लिए 'करेन मतदाता महोत्सव' विषय पर एक चुनाव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्योत्तर अण्डमान के जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त दिलखुश मीना, सहायक आयुक्त आशीष जून, पुलिस अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश मीना, और मध्योत्तर अण्डमान के अन्य चुनाव अधिकारी उपस्थित थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला चुनाव कार्यालय द्वारा की गई स्वीप गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और आगामी चुनाव में नैतिक मतदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कैरेन समुदाय के प्रमुखों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनसे मतदान के दिन उन्नीस अप्रैल को अपना वोट डालने की अपील की। इस अवसर पर कैरेन समुदाय के लोगों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं के बीच बड़े पैमाने पर जागरूकता उत्पन्न की जा रही है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से न सिर्फ मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है, बल्कि उन्हें मतदान के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस की ओर से फ्लैग प्वाइंट, मरीना पार्क, सेल्यूलर जेल और कार्वाइंस कोव में सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। इसका उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है, ताकि वे प्रजातांत्रिक प्रक्रिया में बढ़–चढ़कर हिस्सा

ले सके। ज़िला पुलिस की ओर से मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है, तो वहीं चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन भी किया जा रहा है।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव के एक भाग के रूप में, निर्वाचन कार्यालय के स्वीप टीम ने आम जनता के बीच चुनावी प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर भाग लेने और जागरूकता पैदा करने के लिए एक बाइक रैली का आयोजन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी.एस. जगलान ने स्वीप के नोडल अधिकारी वैरोकपम पुन्शिबा सिंह की उपस्थिति में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक सेलुलर जेल से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) गतिविधि के तहत आयोजित बाइक रैली में 'चुनाव का पर्व–देश का गर्व' टैगलाइन और 'आई विल वोट फॉर श्योर' संदेश के साथ बड़ी संख्या में बाइकर्स ने इस रैली में उत्साह के साथ भाग लिया। सेल्युलर जेल से शुरू हुई रैली क्लॉक टॉवर, गोल घर, डेयरी फार्म जंक्शन, भातू बस्ती, प्रातरापुर, ऑस्टिनाबाद, कॉर्बिन कोव से होकर गुजरी और फ्लैग प्वाइंट पर समाप्त हुई। रैली के दौरान मतदाताओं को मतदान के अधिकार का जश्न मनाने के लिए आगामी चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया गया।

<><><><><><><>

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मतदान में लोगों की भागीदारी बढाने के लिए चयनित जिलों के चुनाव अधिकारियों को मतदान केन्द्र के अनुसार कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग–अलग कार्यनीतियां बनाने को कहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने नई दिल्ली में ग्यारह राज्यों में निगमायुक्त और चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक की। इन जिलों में पिछले चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी कम रही थी। इस बैठक का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में मतदान बढाना है।

<><><><><><><>